घरों में भरा गटर का पानी, सड़कें दलदल

महावीर कॉलोनी के रहवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

मंडीदीप, 1 सितंबर. औद्योगिक शहर में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वार्डों में लोग बुनियादि सुविधाओं से वंचित हैं. इसी तरह वार्ड नंबर एक के निवासी भी गंदे पानी की निकासी और कूड़े के ढेर से परेशान हैं. हालात यह है कि वार्ड के काफी हिस्से में विकास नहीं हुआ कच्ची नालियां होने कारण गंदे पानी की समस्या बनी हुई है. इसके अलावा कई गलियां भी कच्ची है, वार्ड क्रमांक 1 महावीर कॉलोनी के रहवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नजर आ रहे हैं कॉलोनी की स्थिति देखने लायक नहीं है 200 लोगों का परिवार नरक जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं.

कॉलोनी के अंदर यह स्थिति है कि बरसात के दौरान गटर का गंदा पानी रहवासियों के घरों के अंदर भर जाता है, वहीं कॉलोनी में पानी की असुविधा 12 महीने लगी रहती है. कॉलोनी के रोड पैदल चलने लायक नहीं है. वहीं कॉलोनी के रहवासी 5 दिन पहले नगर पालिका को आवेदन दे चुके हैं इसके बाद भी नपा द्वारा टालमटोल कर आवेदन को ठंडे बस्ते में पटक दिया है. करीब 1 सप्ताह पहले कॉलोनी वासियों ने सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर मोर्चा भी खोला था इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष पति राजेंद्र अग्रवाल कॉलोनी में मौके पर पहुंचे और कॉलोनी वासियों को आश्वासन दिया, इसके बाद वह भी कॉलोनी से बाहर जाते ही सब भूल गए. कॉलोनी वासियों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल तो कभी नहीं आती पर उनके पति राजेंद्र अग्रवाल आते हैं और फोटो खिंचवाकर फेसबुक पर डालकर कॉलोनी के बाहर निकलते ही सब भूल जाते हैं.

वहीं कुछ कॉलोनी वासियों ने पार्षद पुष्पा साहू पर भी भ्रष्टाचार जैसे कई गंभीर आरोप लगाएं. जिसको लेकर सोमवार को कॉलोनी वासियों ने एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव को ज्ञापन देकर मूलभूत सुविधाओं को लेकर अवगत कराया वहीं कार्रवाई करने की मांग की.

> नगर पालिका को अनेकों बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार कोई ध्यान नहीं दिया जाता अगर इस आवेदन के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया तो जन आंदोलन किया जाएगा.
>
> **चंद्रभान उपाध्याय,**
> एडवोकेट मंडीदीप
>
> नगर पालिका अध्यक्ष बस अपने वार्ड को ही देखते हैं बाकी नगर के सभी वार्ड मूलभूत सुविधाओं से परेशान है इसके बाद भी नगर पालिका ने ध्यान नहीं दिया तो सभी कॉलोनीवासी भूख हड़ताल पर बैठेंगे.
>
> **संजय राजपूत,**
> युवा कांग्रेस नेता
>
> वार्ड में हमेशा साफ सफाई कराई जाती है कुछ दिन बाद जीरा गिट्टी भी डलवा देंगे और कॉलोनी को नगर पालिका में जल्द लाने की कोशिश की जाएगी.
>
> **प्रेम शंकर साहू,**
> पार्षद प्रतिनिधि

शिवराज ने सीएम डॉ. यादव से की भेंट

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सौजन्य भेंट की.

निवेशकों से कल दिल्ली में होगी चर्चा

सीएम डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह भी होंगे शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 सितंबर को दिल्ली में होने वाले इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क के इंटरैक्टिव सेशन में शामिल होंगे. इस अवसर पर केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरीराज सिंह भी मौजूद रहेंगे. इंटरैक्टिव सेशन में टेक्सटाइल सेक्टर के निवेशकों और नीति-निर्माताओं की मौजूदगी में मप्र में निवेश के अवसरों पर विचार-विमर्श होगा. केन्द्रीय मंत्री सिंह भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बढ़ती वैश्विक भूमिका और पीएम मित्रा पार्क की अहमियत पर अपने विचार रखेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग कर राज्य में उपलब्ध अधोसंरचना, नीतिगत सहयोग और नए अवसरों की जानकारी देंगे. साथ ही टेक्सटाइल हब के रूप में पहचान बना रहे मप्र की विशेषताओं से निवेशकों को अवगत करायेंगे.

मुख्यमंत्री द्वारा यह भी बताया जायेगा कि कैसे पीएम मित्रा पार्क प्रदेश की औद्योगिक तस्वीर को बदलने वाला साबित होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश संबंधी प्रस्तावों और संभावनाओं पर भी संवाद करेंगे.

> इंटरैक्टिव सेशन में वस्त्र मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी केन्द्रीय योजनाओं और टेक्सटाइल क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक अवसरों पर जानकारी देंगे। मध्यप्रदेश के उद्योग विभाग और टेक्सटाइल विभाग के अधिकारियों द्वारा निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों, क्लस्टर आधारित विकास और विशेष पैकेज का प्रेजेंटेशन दिया जायेगा. केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव और वस्त्र मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव रोहित कंसल भी अपने विचार साझा कर टेक्सटाइल उद्योग में नई संभावनाओं और केंद्र सरकार की नीतियों की जानकारी देंगे. मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह टेक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश की नीतिगत पहल, निवेश प्रोत्साहन योजनाओं और औद्योगिक परिदृश्य की विस्तृत जानकारी देंगे.

शिवशेखर को एसीएस गृह विभाग का प्रभार

- **जेएन कंसोटिया के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त हो गया था पद**

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 सितंबर. राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव संस्कृति एवं पर्यटन विभाग तथा आयुक्त सह संचालक स्वराज संस्थान, न्यासी भारत भवन व विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सह आयुक्त पर्यटन, एमडी मप्र पर्यटन विकास बोर्ड तथा अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग अतिरिक्त प्रभार को मौजूदा दायित्वों के साथ अपर मुख्य सचिव गृह विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है.

यहां बता दें कि जेएन कंसोटिया के रिटायरमेंट के बाद गृह विभाग में अपर मुख्य सचिव का पद रिक्त हो गया था. ऐसे में अब शुक्ला को ये अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है. शुक्ला को दो दिन पहले ही अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है. वे 1994 बैच के आईएएस हैं. शुक्ला पिछले पांच वर्षों से संस्कृति और पर्यटन विभाग में पदस्थ हैं.

> ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जारी होने वाली आईएएस की तबादला सूची में शुक्ला को पर्यटन और संस्कृति विभाग से हटाकर पूरी तरह गृह विभाग की जिम्मेदारी दी जा सकती है. शुक्ला पर्यटन और संस्कृति विभाग में प्रमुख सचिव के तौर पर 11 अगस्त 2020 को पदस्थ किये गये थे, तब से लेकर अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत होने तक संस्कृति और पर्यटन विभाग में जमे हुए हैं.

उधार राशन नहीं देने पर किराना व्यापारी पर कुल्हाड़ी से हमला

नवभारत न्यूज़

सलामतपुर, 01 सितंबर. थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 युवकों ने राशन का सामान उधार में नही देने पर किराना व्यापारी को कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया. अचानक हुए हमले में व्यापारी के हाथ और शरीर में काफी चोटें आ गई.

पुलिस ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य केंद्र में कराने के बाद आरोपी निखिल आदिवासी निवासी बांसिया और शानू निवासी हिनोतिया के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 118(1), 3/5, बीएनएस, और एससीएसटी 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(वाईए) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है. थाने के प्रधान आरक्षक मंगलेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी दिनेश जाटव पिता तोरण सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी बांसिया अपनी किराने की दुकान पर बैठा था. तभी रात करीब 9 बजे निखिल आदिवासी और शानू दुकान पर राशन का सामान उधार मांगने लगे. दिनेश ने उधार समान देने से मना कर दिया तो निखिल और शानू ने उसे दुकान से बाहर बकाया. जैसे ही दिनेश जाटव दुकान से बाहर आया तो दोनों उसको गंदी गंदी गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी.

बंसकार समाज का डोल ग्यारस चल समारोह कल

भोपाल. बंसकार समाज द्वारा 3 सितंबर बुधवार को डोल ग्यारस चल समारोह निकाला जाएगा. समाज के दिनेश मलिक ने बताया बुधवार 3 सितंबर को सुबह 11:30 बजे श्रीकृष्णा डोल ग्यारस समारोह केला देवी मंदिर टीला जमालपुरा से प्रारंभ होकर साईं मंदिर, पुतलीघर, भोपाल टॉकीज, बस स्टैंड, मनोहर डेयरी के पीछे राम मंदिर तक निकलेगा. शाम 4 बजे विशाल भंडारा आरंभ होगा. उन्होंने बताया समाज द्वारा विगत 50 वर्षों से श्रीकृष्णा डोल ग्यारस चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है.

गौवंश मामले में कार्रवाई की मांग

किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन, भैंसरा में मिले थे अवशेष

- **खेत में मृत मवेशियों के अवशेष मिलने के मामला**
- **कलेक्टर के नाम एसडीएम चौधरी को ज्ञापन सौंपा**

सिलवानी, 1 सितंबर. बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसरा में नाले किनारे खेत में मृत मवेशियों के अवशेष मिलने के मामले में अन्य आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले तहसील कार्यालय पहुंच कलेक्टर के नाम एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौंपा.

किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि 21 जुलाई को गांव भैंसरा में मृत गौवंश के अवशेष मिलने पर पुलिस ने कुछ आरोपियों पर कार्रवाई भी की थी. लेकिन अन्य आरोपियों पर कोई कार्रवाई आज तक नहीं की गई है. आरोपी खुलेआम घूम रहे है.

> ज्ञापन में आरोपियों फरूख मंसूरी पिता चांद मियां, राजा मंसूरी पिता चांद मियां निवासी बम्होरी, बादशाह, शमीम पिता बादशाह, शाकिब पटेल और फैजान खान पिता शरीफ खान पर कार्यवाही की मांग की गई है. किसान मजदूर महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन व चक्का जाम करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.

गैस रिफिलिंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

- **छापामार कार्रवाई कर इस अवैध कारोबार को बंद करेंगे**

बैरसिया, 1 सितंबर. खाद्य एवं आपूर्ति विभाग घरेलू गैस सिलेंडर यानी एलपीजी के दुरुपयोग पर अब छापामार कार्रवाई शुरू करेगा.

विभागीय सूत्रों के अनुसार भोपाल जिले में घरेलू गैस की वाहनों व छोटे कमर्शियल सिलेंडर्स में रिफिलिंग के 32 स्थानों की जानकारी खाद्य आपूर्ति विभाग को मिली है. इनमें 2 जगह बैरसिया क्षेत्र के भी शामिल बताए जा रहे हैं. विभाग लंबे समय से इनका पता लगा रहा था. यहां बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर बिना वैध प्रक्रिया के पहुंच रहे हैं. अब छापामार कार्रवाई कर इस अवैध कारोबार को बंद किया जाएगा. अवैध सेंटर्स से एलपीजी का दुरुपयोग की स्थिति है. विभाग के अधिकारियों का दल एक साथ जानकारी वाले सभी सिलेंडर रिफिलिंग वाले स्थानों पर छापामार कार्रवाई करेगा.

सेवा बस्तियों के 220 छात्र-छात्राओं का सम्मान

- **शंकराचार्य मंडल ने प्रशंसा पत्र और बैग भेंट किए**

भोपाल, 1 सितंबर. सेवा भारती द्वारा आयोजित शंकराचार्य मंडल सम्मान समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ पीपुल्स मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष रोहित पंडित, मुख्य वक्ता विक्रम सिंह, प्रांत सेवा प्रमुख एवं अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता को पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया.

समारोह में 30 सेवा बस्तियों से आए लगभग 220 छात्र-छात्राओं को प्रशंसा पत्र एवं बैग भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर रोहित पंडित ने सेवा भारती के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए संगठन के प्रयासों की सराहना की. मुख्य वक्ता विक्रम सिंह ने सेवा भारती कार्य प्रारंभ कैसे करते हैं विषय पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए संगठन के उद्देश्यों और कार्यशैली की जानकारी दी.

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दानदाता अशोक गोयल, मंडीदीप मंडल अध्यक्ष अजीत वाधवानी, सिंधी पंचायत अध्यक्ष किशोर तवानी, मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर कुशवाहा, अशोक गंगवानी, सचिव राजेश मैथिली, राजबहादुर, गोविंद जी वर्मा, दीप शंकर पांडे, पूर्ण काली देवी और राम साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन अशोक अरोड़ा ने किया.

खेल मैदान का अभाव खिलाड़ी कैसे करें अभ्यास

- **राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं सिलवानी के खिलाड़ी**

सिलवानी, 1 सितंबर. नगर में वर्षों से एक व्यवस्थित खेल मैदान की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो पाई है. नतीजा यह है कि सिलवानी की प्रतिभाशाली युवा पीढ़ी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारने से पहले ही संसाधनों के अभाव में पीछे छूट रही है.

खेल विशेषज्ञों और स्थानीय नागरिकों के अनुसार सिलवानी में ऐसी कई छुपी हुई प्रतिभाएं हैं, जो राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपना दमखम दिखा चुकी हैं. लेकिन अभ्यास के लिए न तो समुचित मैदान है और न ही आधारभूत सुविधाएं. नगर में एकमात्र महाविद्यालय का खेल मैदान है, जो नगर से काफी दूरी पर स्थित है, जिससे अधिकांश खिलाड़ियों के लिए वहां पहुंचना मुश्किल हो जाता है. स्थानीय युवाओं का कहना है कि खेल मैदान न होने के कारण उन्हें मोहल्लों और गलियों में अभ्यास करना पड़ता है, जिससे न तो सही प्रशिक्षण मिल पाता है और न ही खेल के प्रति गंभीरता बनी रहती है. खासकर बालिकाओं को इसका सबसे अधिक खामियाजा उठाना पड़ता है.

जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर सवाल

नगरवासियों का कहना है कि वर्षों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से खेल मैदान की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक मैदान के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं कराई गई है. यह स्थिति तब है जब सिलवानी में हर वर्ष कई स्थानीय एवं सरकारी स्तर की खेल प्रतियोगिताएं होती हैं जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि शामिल हैं.

बैठक मंत्रालय में जनजातीय कार्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय सचिव ने कहा

राज्य केंद्रीय योजनाओं का भरपूर लाभ लें

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 सितंबर. केन्द्रीय सचिव जनजाति कार्य मंत्रालय विभु नायर ने कहा कि राज्य जनजातीय विकास की केंद्रीय योजनाओं का राज्य को भरपूर लाभ दें. भारत सरकार हर स्तर पर सहयोग देने के लिए तैयार है. उन्होंने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, प्रधानमंत्री जनमन योजना और आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की जानकारी ली.

सचिव नायर सोमवार को मंत्रालय में जनजातीय कार्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे. सचिव भारत सरकार श्री नायर ने कहा कि निचले स्तर पर जनजाति विकास का जो विजन तैयार होगा उसी के आधार पर भारत सरकार से धनराशि उपलब्ध होगी. उन्होंने सेवाओं के प्रदाय में सुधार के लिए ठोस प्लानिंग की बात कही. नायर ने कहा कि गांव में मानव संसाधनों का उपयोग करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि जिन अशासकीय संगठनों की सेवाएं ली जाए उनकी ग्राम और विकासखंड स्तर पर अच्छी उपस्थिति हो. बहुउद्देशीय केन्द्रों में सूचना और शिक्षा सामग्री उपलब्ध रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि जनजातीय विकास का कार्य केवल एक मंत्रालय या विभाग का कार्य नहीं है. यह सभी संबंधित विभागों की साझा जिम्मेदारी है. उन्होंने विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए फीडबैक सिस्टम बनाने का सुझाव दिया. उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जनजाति बहुल गांवों में नई जिम्मेदारी के साथ विशेष विकास गतिविधियां लागू करने पर विचार किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के फेरे बढ़ाए जा सकते हैं.

> धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत पर्यटन की गतिविधि की समीक्षा करते हुए नायर ने कहा कि स्वदेश दर्शन की अवधारणा को देश में मध्य प्रदेश की पहल के आधार पर लागू किया गया. ट्राइबल स्किल सेंटर ब्लॉक और स्तर पर भी बन सकते हैं. पीएम जनमन योजना की कई उप योजनाओं में मप्र का प्रदर्शन अच्छा है. सभी लक्ष्यों को दिसंबर तक पूरा कर लें. भारत सरकार हर स्तर पर सहयोग देने के लिए तैयार है.

सत्य कभी पराजित नहीं होता : शास्त्री

श्री महावीर जिनालय में दसलक्षण के पांचवें दिन हुए अनुष्ठान

भोपाल, 1 सितंबर. स्टेशन बजरिया श्री महावीर जिनालय में मनोज शास्त्री ने दसलक्षण पर्व के पांचवें दिन सोमवार को प्रवचन में कहा कि सत्य तो हमेशा सत्य होता है यह आत्मा का स्वभाव है सत्य, निश्चल, निर्भीक होता है सत्य शाश्वत है कभी पराजित नहीं होता है सत्य के विषय में सभी जानते हैं सत्य को अपनाने में क्या लाभ होता है जितने महापुरुष हुए हैं सत्य के आधार पर ही वह मानव से देवता स्वरूप पूजे जाते हैं.

प्रवक्ता नरेंद्र जैन, अध्यक्ष राजीव पंचरत्न ने बताया प्रतिदिन प्रवचन, प्रतिक्रमण, महा आरती के आयोजन हो रहे हैं. बबीता पंचरत्न द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाटिका मोक्ष का द्वार का मंचन कर महत्व बताया, जिसमें तीन दरवाजे को पार करना था स्वर्ग, नरक, मोक्ष और जिन प्रतिभागियों ने मोक्ष का द्वार पारकर लिया था, उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए.